खान एवं भूतत्त्व विभाग ने इंटरनेशनल फोरम फॉर इन्वायरनमेंट सस्टेनेबिलिटी एंड टेक्नोलॉजी के साथ एमओयू किया

चर्चा में क्यों?

3 फरवरी, 2022 को झारखंड के खान एवं भूतत्त्व विभाग ने डिस्ट्रिक्ट मिनिरल फाउंडेशन (डीएमएफ) की कार्यप्रणाली को बेहतर करने के लिये इंटरनेशनल फोरम फॉर इन्वायरनमेंट सस्टेनेबिलिटी एंड टेक्नोलॉजी (आईएफओआरईएसटी) के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया है।

प्रमुख बिंदु

- एमओयू के तहत आईएफओआरईएसटी डिस्ट्रिक्ट मिनिरल फाउंडेशन की बेहतरी के लिये जानकारी और प्रशिक्षण मुहैया कराएगा।
- गौरतलब है कि एमओयू के लिये राज्य मंत्रिमंडल ने इस साल 19 जनवरी को ही अपनी सहमति दे दी थी। एमओयू दो वर्षों के लिये हुआ है, लेकिन आपसी समझ से इसे आगे भी बढ़ाया जा सकेगा।
- खान एवं भूतत्त्व सचिव पूजा सिंघल की मौजूदगी में इस एमओयू पर राज्य सरकार की ओर से खान निदेशक अमित कुमार और आईएफओआरईएसटी के सीईओ चंद्रभूषण ने हस्ताक्षर किये।
- एमओयू के अनुसार आईएफओआरईएसटी डीएमएफ को पॉलिसी, प्लानिंग और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराएगा, ताकि डीएमएफ के कार्यों में गुणात्मक और फलदायी परिणाम मिल सके।
- आईएफओआरईएसटी खान विभाग को भी खनन क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय पुनर्वास में सहयोग करेगा। इससे वहाँ के स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/department-of-mines-and-geology-signed-mou-with-international-forum-for-environment-sustainability-and-technology